886. सूची-I को सूची -II से सुमेलित तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये -

सूची-I (लिफ्ट नहर)	सूची-II (लाभान्वित जिले)
(a) जयनारायण व्यास	1. बीकानेर, नागौर
(b) चौधरी कुंभाराम	2. जोधपुर, बीकानेर
(c) पन्नालाल बारूपाल	3. जोधपुर, जैसलमेर
(d) डॉ. करणीसिंह	4. हनुमानगढ़, चुरू

सही उत्तर है-

	A	B	C	D
(a)	3	4	1	2
(b)	2	4	1	3
(c)	3	1	2	4
(d)	2	4	3	1

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (a) लिफ्ट नहर व लाभान्वित जिले का सही क्रम हैं-
जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर- पुराना नाम पोकरण लिफ्ट नहर है जो जैसलमेर व जोधपुर से होकर गुजरती है।
चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट नहर- पुराना नाम नोहर मोहवा लिफ्ट नहर है जो हनुमानगढ़ व चुरू से होकर गुजरती है। यह लगभग 666.5 किमी. लम्बी सबसे लम्बी लिफ्ट नहर भी है।
डॉ. कर्णी सिंह लिफ्ट नहर-पुराना नाम कोलायत लिफ्ट नहर हैं जो बीकानेर व जोधपुर से होकर गुजरती है।
पन्नालाल बारूपाल लिफ्ट नहर - पूर्व नाम गजनेर लिफ्ट नहर है। यह नहर बीकानेर एवं नागौर से हाकर गुजरती है।

887. कौन-सा युग्म सही नहीं है?

लिफ्ट परियोजना	पेयजल उपलब्ध क्षेत्र
(a) कँवर सेन लिफ्ट नहर	(i) बीकानेर
(b) गन्धेली सहवा लिफ्ट नहर	(ii) चुरू
(c) राजीव गाँधी लिफ्ट नहर	(iii) जैसलमेर
(d) गजनेर लिफ्ट नहर परियोजना	(iv) नागौर

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (c) राजीव गांधी लिफ्ट नहर परियोजना से लाभान्वित होने वाले जिले हैं- जोधपुर, बाड़मेर, पाली आदि। इस परियोजना में जैसलमेर शामिल नहीं है। शेष समस्त विकल्प सुमेलित है।
कँवर सेन लिफ्ट नहर द्वारा गंगानगर एवं बीकानेर जिले के हजारों गाँवों तक पेयजल उपलब्ध करवाया गया।
गंधेली सहवा लिफ्ट नहर जर्मनी के सहयोग से बनाई गई है। इसमें संबंधित जिले- हनुमानगढ़, चुरू और झुँझुनू हैं।

888. कंवर सेन लिफ्ट नहर .... शहर को पीने का पानी उपलब्ध करा रही है।

(a) उदयपुर (b) जयपुर
(c) बीकानेर (d) जैसलमेर

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

Ans. (c) : कंवर सेन लिफ्ट नहर से बीकानेर तथा गंगानगर जिलों को पीने के पानी की आपूर्ति की जाती है। यह इंदिरा गांधी नहर की सबसे लम्बी लिफ्ट नगर है। इसे बीकानेर की जीवन रेखा भी कहा जाता है। इस नहर का नाम बीकानेर राज्य के मुख्य अभियंता राम बहादुर कंवर सेन के नाम पर रखा गया है।

889. 'कंवरसेन लिफ्ट नहर' द्वारा लाभान्वित जिला युग्म है-

(a) बीकानेर और गंगानगर
(b) बीकानेर और नागौर
(c) जैसलमेर और जोधपुर
(d) चूरू और झुझुनूं

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

890. गजनेर लिफ्ट नहर का नया नाम क्या है?

(a) पन्नालाल बारूपाल लिफ्ट नहर
(b) कँवर सेन लिफ्ट नहर
(c) कुम्भाराम लिफ्ट नहर
(d) जयनारायण व्यास लिफ्ट नहर

Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (a) : गजनेर लिफ्ट नहर का नया नाम पन्नालाल बारूपाल लिफ्ट नहर है। यह अमरपुरा से शुरू होती है व नोखा दैया तक जाती है। इस नहर से बीकानेर, नागौर को पानी मिलता है। बीकानेर के शोभासर जलाशय को पानी इसी नहर से मिलता है।

891. कौन से जिले गजनेर लिफ्ट नहर से लाभांवित होते हैं?

(a) बीकानेर- नागौर (b) बीकानेर- गंगानगर
(c) जोधपुर- जैसलमेर (d) बीकानेर- जोधपुर

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

892. इन्दिरा गाँधी नहर के पूर्ण होने पर राजस्थान के कितने क्षेत्र में इसके द्वारा सिंचाई का लाभ प्राप्त हो सकेगा-

(a) 17.41 लाख हेक्टेयर
(b) 11.63 लाख हेक्टेयर
(c) 15.17 लाख हेक्टेयर
(d) 19.65 लाख हेक्टेयर

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (d) इंदिरा गांधी नहर परियोजना पूर्ण होने पर विश्व की सबसे बड़ी परियोजना होगी जिससे 19.65 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लाभ प्राप्त हो सकेगा। इसे प्रदेश की जीवन रेखा या मरूगंगा भी कहा जाता है। पहले इसका नाम राजस्थान नहर था। 2 नवम्बर, 1984 को इसका नाम इंदिरा गांधी नहर परियोजना कर दिया गया। इस नहर का उद्‌गम पंजाब में फिरोजपुर के निकट सतलज-व्यास नदियों के संगम पर बने हरिके बैराज से है।

893. इंदिरा गांधी नहर परियोजना के अनुसार, कौन से कथन गलत हैं?

(i) इस परियोजना को पहले राजस्थान नहर के रूप में जाना जाता था और 1982 में इसका नाम बदलकर इंदिरा गांधी लिफ्ट नहर परियोजना कर दिया गया।
(ii) इंदिरा गांधी नहर परियोजना में (9) लिफ्ट नहरें हैं।
(iii) नहर की कल्पना शार्दुल सिंह ने की थी।
(iv) नहर हरियाणा से नहीं गुजरती है।
कोड-

(a) केवल (i) और (ii)
(b) केवल (i), (ii) और (iii)
(c) केवल (ii), (iii) और (iv)
(d) (i), (ii), (iii) और (iv)

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22